OK

Udaya Public School, Ayodhya
Summative Assessment – 2 [2022-23]
Time: **Class – VII [Hindi]** **M.M. 80**

नोट– समस्त प्रश्न अनिवार्य है।

खण्ड क

1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5

मणिपुर का इतिहास काफी प्राचीन है। महाभारत की कथा के अनुसार अर्जुन ने मणिपुर की राजकुमारी चित्रांगदा से विवाह किया था। अर्जुन ने सतरंगी शिरोई लिली फूल देकर चित्रांगदा को प्रभावित किया था, जिसका उल्लेख विष्णुप्रिया मणिपुरी नामक संप्रदाय के पौराणिक वर्णन में मिलता है। दलयात्रा, लाइ–हराओबा, टीकू हितोंगबा, रासलीला, निगोलायक कोड़बा और रथयात्रा मणिपुर के प्रमुख त्योहार हैं, जिन्हें देख पर्यटक बरबस खिंचे चले आते हैं।

क– अर्जुन के विवाह का वर्णन किस पुस्तक में हैं?
ख– अर्जुन का विवाह किस राजकुमारी के साथ हुआ था?
ग– चित्रांगदा को अर्जुन ने क्या देकर प्रभावित किया था?
घ– मणिपुर के प्रमुख त्योहार कौन–कौन से हैं?
ङ– पर्यटक क्या देखकर खिंचे चले आते हैं?

2. नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5

हिंसा, क्रोध, घृणा के घनघोर, अंधेरे में दीपक जलाना होगा।
करके प्रेम का शंखनाद, मानवता को बचाना होगा।
शहर–शहर, गॉव–गॉव में, इंसानियत का जो धर्म लुटा है।
सौहार्दता के निर्मल तन पर, शैतानों का जो हुजूम जुटा है।
एकता और स्नेह की ताकत से, इन हैवानों को भगाना होगा।
करके प्रेम का शंखनाद, मानवता को बचाना होगा।

क– दीपक कहाँ जलाना होगा?
ख– कवि किसका शंखनाद करने को कह रहा है?
ग– कवि क्या बचाने की बात कह रहा है?
घ– कवि ने निर्मल तन किसे कहा है?
ङ– कवि हैवानों को कैसे भगाने की बात करता है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 10

क– भगत सिंह ने लाला जी की मृत्यु का बदला कैसे लिया?
ख– स्वच्छता अभियान की शुरूआत कब हुई और इसका क्या लक्ष्य था?
ग– 'बिनु पानी सब सून' से क्या अभिप्राय है?
घ– सौर ऊर्जा किसे कहते हैं? यह किससे मिलती है?
ङ– अरूणाचल को 'उगते सूरज का पहाड़' क्यों कहा जाता है?

4. अपनी पाठ्य पुस्तक से कोई एक चार पंक्ति की कविता लिखिए। 5
5. निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए– नवागत, जिज्ञासा, सहर्ष, अपशिष्ट, शोध, मानुष, दर्शनीय, उत्सुक, सक्षम, शंखनाद 5

खण्ड ख

6. संज्ञा से आप क्या समझते हैं? उसके भेदों के नाम उदाहरण सहित लिखिए। 3
7. काल से आप क्या समझते है? उसके भेदों के नाम उदाहरण सहित लिखिए। 3
8. नीचे दिए गए शब्दों का संधि कीजिए। 3

क– परम + अणु	ख– परि + आवरण	ग– स्व + इच्छा
घ– महा + इन्द्र	ङ– सु + आगत	च– नै + अक

9. नीचे दिए गए वाक्यांश पढ़िए और पहचानकर लिखिए कि मुहावरा है या लोकोक्ति– 3

क– लातो के भूत बातों से नहीं मानते	ख– मान न मान मैं तेरा मेहमान
ग– दुम दबाकर भागना	घ– कलई खुलना
ङ– हीरे की कद्र जौहरी जाने	च– शेर के दॉत गिनना

10. नीचे दिए गए वाक्यों में प्रयुक्त विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए तथा उसका नाम भेद सहित लिखिए। 3

क– कुछ लोग बस में बैठे हुए हैं। ख– दुकान से दो किलो चीनी लेकर आओ।
ग– तुम अपने लिए सफेद रंग की कमीज खरीदना।

11. निम्न शब्दों के दो–दो पर्यायवाची लिखिए– 3

क– राजा ख– पक्षी ग– कोमल

12. निम्न रेखांकित वाक्याशों के लिए एक शब्द लिखिए– 3

क– नीचे लिखे वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए।

ख– ईश्वर सब कुछ जानता है।

ग– कश्मीर में कई स्थल देखने योग्य हैं।

13. दिए गए वाक्यों में से उद्देश्य एवं विधेय अलग कीजिए– 3

क– जीविका शिमला जा रही है।

ख– रंजना भजन गा रही है।

ग– नेताजी भाषण दे रहें हैं।

14. निम्नलिखित वाक्यों में से किया विशेषण छॉटकर उनके नाम भी लिखिए– 3

क– धीरे–धीरे अंधेरा बढ़ने लगा था।

ख– थोड़ा खा लो।

ग– कल तक वह अवश्य आ जाएगा।

15. निम्न वाक्यों से निपात शब्द छॉटकर लिखिए– 3

क– मुझे तो कार्टून देखने में आनंद आता है।

ख– युवा वर्ग ही नई चेतना ला सकता है।

ग– पलक को केवल उसकी बहन मना सकती है।

खण्ड ग

16. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य जी के नाम दो दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने मित्र को बुलाने हेतु पत्र लिखिए।

17. किसी महापुरूष के बारे में दो मित्रों के बीच हुए संवाद लिखिए। 5

18. निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए (250 शब्द)– 10

क– विज्ञान ख– होली ग– गणतंत्र दिवस